# सीखने के प्रतिफल की आकलन पुस्तिका

## हिंदी

## कक्षा 5

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
SECTOR-32 UT CHANDIGARH

## पाठ -1

## राख की रस्सी (तिब्बत की लोक कथा)

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- विद्यार्थियों का पाठ के माध्यम से लोक कथा सुनाते हुए ज्ञानवर्धक कराना। पाठ के माध्यम से जीवन की सच्चाई से परिचित करना। बुद्धि से हर समस्या का समाधान निकाला जा सकता है भाव को समझाना । विद्यार्थियों को होशियार और चालक का फर्क बताना।
- पाठ सुनने के बाद विद्यार्थी पाठ से संबंधित पांच प्रश्नों के मौखिक उत्तर 5-6 वाक्यों जो लगभग 25 से 30 शब्दों के हो देने में समर्थ होंगे।
- बुद्धि बल की चर्चा- करते हुए बच्चे बारी-बारी से पाठ के अंशों को पड़ेंगे तथा ध्यान पूर्वक सुनकर भाव ग्रहण करेंगे।
- पाठ विस्तार में सहायक स्मार्ट बोर्ड, दृश्य- श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना। जैसे- पी. पी. टी, ऑडियो, वीडियो आदि।
- कथा वाचन के माध्यम से पूर्व पठित अंश से विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा विद्यार्थी अपने जीवन की कोई घटना कक्षा में सुनाने में सक्षम होंगे।
- विद्यार्थियों द्वारा पाठ के भाव को समझते हुए एवं शुद्ध उच्चारण करते हुए कम से कम 8 से 10 कठिन शब्दों को पढ़ने में सक्षम होना।
- पाठ के कम से कम पांच वाक्य 20 से 25 शब्दों वाले धाराप्रवाह पढ़ने में सक्षम होंगे। जैसे- हाजिर जवाबी, आपबीती, धरी  आदि।
- विद्यार्थियों द्वारा अपनी होशियारी से हल्की गई समस्याओं को लिखकर लेखन कौशल।
- छात्र 5 प्रश्नों का उत्तर 20 से 25 अपने शब्दों में जिसमें चार पांच जटिल शब्द भी होंगे लिख पाएंगे।
- पाठ के अंत में कम से कम पांच से छह नवीन शब्दों के अर्थ जानना एवं वाक्य में प्रयोग करने में सक्षम होना। जैसे- हाजिर जवाबी, आपबीती, धरी आदि।
- निम्न के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का मूल्यांकन करना:
    - परिचर्चा-- हिंदी लोक कथा और अन्य लोक कथाओं पर।
    - ➢ लघु प्रश्न के निर्माण के माध्यम से।
    - ➢ कक्षा परीक्षा के माध्यम से।

- ➢ श्रुतलेख के माध्यम से।
- बुद्धि से हर समस्या का समाधान निकाला जा सकता है, भाव को समझाना तथा नैतिक मूल्य की सभी का साथ देना चाहिए के भाव को बढ़ाना।

**सीखने के प्रतिफल:**

- **सुनी अथवा पड़ी रचनाओं (हास्य, सामाजिक, साहसिक आदि विषयों पर आधारित कहानी कविता आदि) की विषय वस्तु घटनाओं, चित्रों और पात्रों शीर्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं /प्रश्न पूछते हैं /अपनी स्वतंत्रता टिप्पणी देते हैं /अपनी बात के लिए तर्क देते हैं /निष्कर्ष निकालते हैं।**

**प्रश्न 1. मौसम के अनुसार विश्व में प्रत्येक क्षेत्र की जलवायु बदलती रहती है, तो तिब्बत की जलवायु कैसी है?**

(क) सामान्य

(ख) ठंडी

(ग) गरम

(घ) समताप

**प्रश्न 2. भारत नदियों का देश है। यहाँ लगभग 400 छोटी-बड़ी नदियाँ पाई जाती हैं। ब्रह्मपुत्र नदी कहाँ से निकलती है ?**

(क) गंगोत्री

(ख) यमुनोत्री

(ग) मानसरोवर झील

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**प्रश्न 3. पेड़ों से हमें प्राप्त होता है-**



I. लकड़ी
II. आक्सीजन
III. छाया
IV. औषधि

(क) केवल I
(ख) केवल II
(ग) केवल III, IV
(घ) उपरोक्त सभी

**कहानी को पढ़ कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिये -**

बीरबल अकबर के दरबार में एक मंत्री थे। सभी दरबारी उनसे जलते थे। एक दिन अकबर ने बातों-बातों में कहा कि बीरबल ऐसी चीज का नाम बताओ जिसपर न चाँद की रोशनी पड़ती हो, न सूरज की, न दीए की, न आग की। यदि तुमने उत्तर नहीं दिया तो तुम्हें दरबार छोड़ना पड़ेगा। सभी दरबारी खुश थे कि चलो अब बीरबल की छुट्टी। बीरबल ने एक दिन का समय माँगा। अगले दिन बोले - महाराज! ऐसी चीज तो केवल अँधेरा है जिसपर किसी भी रोशन वस्तु की रोशनी नहीं पड़ती। अकबर ने बीरबल की पीठ थपथपाई और सारे दरबारी मन मसोसकर रह गए।

**प्रश्न 4 . अकबर ने बीरबल की पीठ क्यों थपथपाई?**

(क) क्योंकि बीरबल ने एक दिन का समय माँगा ।

(ख) क्योंकि बीरबल ने सही उत्तर दिया

(ग) क्योंकि बीरबल मंत्री था ।

(घ) सभी दरबारी खुश थे इसलिए ।

**प्रश्न 5. बीरबल से दरबारी जलते थे क्योंकि**

(क) वह बुद्धिमान था।

(ख) वह अकबर के साथ रहता था।

(ग) वह दरबार में सबसे बड़ा था।

(घ) (घ) वह दरबार में मंत्री था ।

**प्रश्न 6. बीरबल की .............. ................ के किस्से सब जगह मशहूर हैं।**

(क) अमीरी

(ख) बुद्धिमानी

(ग) चतुराई

(घ) ख व ग दोनों

**उत्तर-तालिका = 1 (ख), 2 (ग) , 3 (घ), 4(ख) , 5 (क), 6 (घ)**

## पाठ 2

## फसलों का त्योहार

**सीखने के लक्ष्य:**

- विद्यार्थियों को पाठ के माध्यम से फसलों से जुड़े त्योहारों से परिचित कराना।
- पाठ के माध्यम से देश के विभिन्न प्रांतों में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहार के बारे में परिचित करना।
- विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से परिचित करना।
- पाठ सुनने के बाद विद्यार्थी पाठ से संबंधित पांच प्रश्नों के मौखिक उत्तर 56 वाक्यों जो लगभग 25 से 30 शब्दों के हो देने में समर्थ होंगे।
- शिक्षक द्वारा पढ़ाए गए पाठ को ध्यानपूर्वक सुना तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देना जैसे बिहू का त्योहार किस राज्य में मनाया जाता है आदि।
- पाठ के अंत में शुद्ध उच्चारण करने में सक्षम होना पाठ विस्तार में सहायक स्मार्ट बोर्ड दृश्य श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना जैसे पी. पी. टी, ऑडियो- वीडियो आदि।
- पाठ वाचन के माध्यम से पूर्व अपठित अंत से विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा।
- विद्यार्थी फसलों से जुड़े विभिन्न त्योहारों जैसे पोंगल ऑन मकर सक्रांति लोहड़ी एवं अनाजों के बारे में कक्षा में चर्चा- करेंगे।
- विद्यार्थी शुद्ध उच्चारण करते हुए पाठ में आए कम से कम पांच वाक्य 20 से 25 शब्दों वाले धाराप्रवाह पढ़ने में सक्षम होंगे ।
- आपके घर में जैसे - खिचड़ी बनती है उसे लेकर आए और उसकी प्रक्रिया लिखें।
- किसान की दिनचर्या की जानकारी प्राप्त करके उस पर लेखन कार्य करेंगे।

- छात्र 5 प्रश्नों का उत्तर 20 से 25 अपने शब्दों में जिसमें चार पांच जटिल शब्द भी होंगे लिख पाएंगे।
- 6 नवीन शब्दों को रेखांकित कर उनके अर्थ समझ कर उनसे वाक्य निर्माण में सक्षम होना जैसे- हैरानी, करीना, बुहारे, सुस्ताने, फरमाइश आदि।
- पाठ के अंत में कम से कम 5 शब्दों के अर्थ बताने में सक्षम होंगे।
- निम्न के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का मूल्यांकन करना:
  - ➢ परिचर्चा-- अलग-अलग प्रांतों के फसलों के त्योहारों पर
  - ➢ लघु प्रश्न निर्माण के माध्यम से
  - ➢ प्रश्नोत्तरी, कठिन शब्दों के श्रुतलेख द्वारा।
- पाठ के माध्यम से किसान के परिश्रम एवं अन्य के महत्व एवं उपयोगिता को समझने का भाव उत्पन्न करना।

**सीखने का प्रतिफल:**

- **भाषा की बारीकियों पर ध्यान देते हुए अपनी भाषा गढ़ते और उसका इस्तेमाल करते हैं**

**प्रश्न 1. “आहार “शब्द में उपसर्ग बताओ?**

(क) अ (ख) आ (ग) आह (घ) आहा

**प्रश्न 2. “आगाह“ शब्द का अर्थ बताओ?**

(क) सचेत करना (ख) मूर्ख बनाना (ग) चौकीदार करना (घ) चोट लगना

**प्रश्न 3 : किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान आदि के नाम को संज्ञा कहते हैं।**

**निम्नलिखित शब्दों में से संज्ञा शब्द बताएं -**

I. ताजमहल

II. उसका

III. निपुण

IV. धीरे-धीरे

(क) केवल I

(ख) केवल II

(ग) केवल III, IV

(घ) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 4 : लता मधुर आवाज़ में गाती है। वाक्य में विशेषण शब्द छाँटिए-**

I. लता

II. मधुर

III. आवाज़

IV. गाती

(क) केवल I

(ख) केवल II

(ग) केवल III, IV

(घ) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 5 : वाक्य में कारक चिन्ह छाँटिए -**

" स्वास्थ्य के लिए व्यायाम अच्छा होता है" ।

I. स्वास्थ्य

II. के लिए

III. व्यायाम

IV. अच्छा

(क) केवल I

(ख) उपरोक्त सभी

(ग) केवल II

(घ) केवल III, IV

**उत्तर-तालिका = 1 (ख), 2 (क) , 3 (क), 4 (ख) , 5 (ग)**

# पाठ -3

## खिलौने वाला (कविता)

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- विद्यार्थियों को कविता के माध्यम से खिलौने के बारे में परिचित कराना
- पाठ के माध्यम से देश के विभिन्न प्रकार के खिलौने के बारे में परिचित करना
- खिलौनों के माध्यम से विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच उत्पन्न करना
- पाठ सुनने के बाद विद्यार्थी पाठ से संबंधित पांच प्रश्नों के मौखिक उत्तर 5-6 वाक्यों जो लगभग 25 से 30 शब्दों के हो देने में समर्थ होंगे
- शिक्षक द्वारा पढ़ाए गए पाठ को विद्यार्थी ध्यान पूर्वक सुनेंगे और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देंगे
- पाठ विस्तार में सहायक स्मार्ट बोर्ड दृश्य श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना जैसे पीपीटी ऑडियो वीडियो आदि
- पाठ वाचन के माध्यम से पूर्व पठित अंत से विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा
- विद्यार्थी अपने अपने खिलौनों के विषय में चर्चा- करेंगे
- विद्यार्थी शुद्ध उच्चारण करते हुए पाठ में आए कम से कम पांच वाक्य 20 से 25 शब्दों वाले धाराप्रवाह पढ़ने में सक्षम होंगे
- अपने मनपसंद खिलौने के बारे में तथा उससे संबंधित कोई घटना लिखकर लेखन कौशल बढ़ाना
- छात्र 5 प्रश्नों का उत्तर 20 से 25 अपने शब्दों में जिसमें चार पांच जटिल शब्द भी होंगे लिख पाएंगे
- 5-6 नवीन शब्दों को रेखांकित कर उनके अर्थ समझकर वाक्य में प्रयोग करने में सक्षम होंगे जैसे सीटी चाबी लोटा धनुष गाड़ी  आदि
- निम्न के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का मूल्यांकन करना परिचर्चा- किन्ही दो व्यवसाय पर लघु प्रश्न निर्माण के माध्यम से प्रश्नोत्तरी कठिन शब्दों के श्रुतलेख द्वारा
- खिलौने के माध्यम से विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच उत्पन्न करना देश प्रेम की भावना को बढ़ावा देना

| **सीखने के प्रतिफल:** |
|---|

- **उद्‌देश्य और संदर्भ के अनुसार शब्दों, वाक्य, विराम चिन्ह का उचित प्रयोग करते हुए लिखित है**

**प्रश्न 1. नीचे लिखे वाक्यों में से किसमें विराम-चिह्नों का सही प्रयोग हुआ है?**

(क) हाँ, मैं सच कहता हूँ बाबूजी। माँ बीमार है। इसलिए मैं नहीं गया।

(ख) हाँ मैं सच कहता हूँ। बाबूजी, माँ बीमार है। इसलिए मैं नहीं गया।

(ग) हाँ, मैं सच कहता हूँ, बाबू जी, माँ बीमार है, इसलिए मैं नहीं गया।

(घ) हाँ, मैं सच कहता हूँ, बाबू जी। माँ बीमार है इसलिए मैं नहीं गया।

**प्रश्न 2. विरामादि चिन्हों की दृष्टि से कौन-सा वाक्य शुद्‌ध है?**

(क) पिता ने पुत्र से कहा-देर हो रही है, कब आओगे

(ख) पिता ने पुत्र से कहा-देर हो रही है, कब आओगे?

(ग) पिता ने पुत्र से कहा-"देर हो रही है, कब आओगे?"

(घ) पिता ने पुत्र से कहा, "देर हो रही है कब आओगे।

प्रश्न 3. निम्नलिखित विराम चिन्हों में से **पूर्ण विराम** को पहचानें -

I. ,

II. ।

III. " "

IV. ( )

(क) केवल I

(ख) केवल IV

(ग) केवल II

(घ) केवल III

| **उत्तर-तालिका = 1 (ग), 2 (ग) , 3 (ग)** |
|---|

## पाठ - 4

## नन्हा फनकार ( कहानी )

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- विद्यार्थियों को फनकार कलाकारी में कुशल शब्द से परिचित कराना
- इच्छा शक्ति के महत्व पर बल देना और उससे प्राप्त सफलता से परिचित करवाना
- पाठ के माध्यम से देश के विभिन्न प्रांतों में की जाने वाली हस्तकला के बारे में परिचित कराना
- विद्यार्थियों को भारतीय विभिन्न प्रकार की हस्तकला उनसे परिचित कराना सीखना एक प्रक्रिया है जो जीवन पर्यंत चलती है कि भाव को समझाना
- बड़े से बड़ा व्यक्ति छोटे से छोटा काम कर सकता है इसके द्वारा समानता के भाव को स्पष्ट करना
- पाठ सुनने के बाद विद्यार्थी पाठ से संबंधित पांच प्रश्नों के उत्तर पांच वाक्य जो लगभग 20 से 30 शब्दों के हो देने में समर्थ होंगे
- शिक्षक द्वारा सुनाए गए पाठ को ध्यानपूर्वक सुनेंगे
- पाठ विस्तार में सहायक स्मार्टबोर्ड दृश्य श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना जैसे पीपीटी ऑडियो वीडियो आदि
- पाठ वाचन के माध्यम से पूर्व पति तंत्र से विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा
- अपने जीवन में घटित किसी घटना को सुनाएंगे
- विद्यार्थी बारी-बारी से पाठकों पढ़ेंगे तथा शुद्ध उच्चारण करते हुए अर्थ समझेंगे
- पठन कार्य करते समय विराम चिन्हों के महत्व को ध्यान में रखा जाएगा

- छात्र 5 प्रश्नों के उत्तर 20 से 25 अपने शब्दों में जिसमें चार पांच जटिल शब्द भी होंगे लिख पाएंगे
- अपने मनपसंद हस्त कारीगरी के बारे में 5-6 पंक्तियां लिखकर लेखन कौशल बढ़ाना
- छात्र 5 प्रश्नों का उत्तर 20 से 25 अपने शब्दों में जिसमें चार पांच जटिल शब्द भी होंगे लिख पाएंगे
- 5-6 नवीन शब्दों को रेखांकित कर उनके अर्थ समझकर वाक्य प्रयोग करने में सक्षम होंगे जैसे चोकोर उकेरना को तू हलाली
- निम्न के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का मूल्यांकन करना
- परिचर्चा-- हस्त कला और चित्रकला पर लघु प्रश्न निर्माण के माध्यम से कठिन शब्दों के श्रुतलेख द्वारा प्रश्नोत्तरी
- बड़े से बड़ा व्यक्ति छोटे से छोटा काम कर सकता है इसके द्वारा समानता के भाव एवं नैतिक मूल्य का विकास करना

**सीखने के प्रतिफल:**

- **स्वेच्छा से या शिक्षक द्वारा तय गतिविधि के अंतर्गत लेखन की प्रक्रिया की बेहतर समझ के साथ अपने लेखन को जाँचते हैं और लेखन के उद्देश्य और पाठक के अनुसार लेखन में बदलाव करते हैं जैसे किसी घटना की जानकारी के बारे में बताने के लिए स्कूल की भित्ति पत्रिका के लिए लिखना और किसी दोस्त को पत्र लिखना**

**प्रश्न 1 : कल शाम को आप अपने मित्रों के साथ पार्क में खेलने गए थे। वहाँ आपने देखा कि कुछ बच्चे पौधे तोड़ रहे थे। आपने उन बच्चों को पौधों के महत्त्व के बारे में कैसे समझाया, 2-3 वाक्यों में लिखें।**

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

............................................................................................................................

**प्रश्न 2 : हमें पत्र लिखने की आवश्यकता क्यों पड़ती है?**

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

.............................................................................................

**प्रश्न 3: शाम को खेले जाने वाले फुटबॉल मैच के बारे में स्कूल के सूचना पट पर सूचना लगाएँ।** ..........................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................




**प्रश्न 4. उपरोक्त भिती चित्र को ध्यान से पढ़ कर अपने दोस्त को एक पत्र लिखिए :**

खिलौनेवाला शब्द संज्ञा में 'वाला' जोड़ने से बना है। नीचे लिखे वाक्यों में रेखांकित हिस्सों को ध्यान से देखो और संज्ञा, क्रिया, विशेषण व क्रिया विशेषण आदि पहचानो।

उदाहरण के लिए : <u>पानवाले</u> की दुकान आज बंद है।

मेरी <u>दिल्लीवाली</u> मौसी बस कंडक्टर हैं।

महमूद <u>पाँच बजे</u> वाली बस से आएगा।

नंदू को <u>बोलने वाली</u> गुड़िया चाहिए।

<u>दाढ़ीवाला</u> आदमी कहाँ है?

| शब्द | संज्ञा | क्रिया | विशेषण | क्रिया विशेषण | |
|---|---|---|---|---|---|
| पानवाला | जातिवाचक संज्ञा | - | - | - | |
| दिल्लीवाली | | | | | |
| पाँच बजे वाली | | | | | |
| बोलने वाली | | | | | |
| दाढ़ीवाला | | | | | |



**प्रश्न 1. उपरोक्त चित्र को देखकर बताइए, यह कौन - सी कला का उदाहरण है ?**

(क) चित्रकला

(ख ) मूर्ति कला

(ग) हस्त कला

(घ) शिल्प कला

**निम्नलिखित वार्तालाप के आधार पर** नीचे दिए **प्रश्नो के उत्तर दीजिए ।**

रवि : ए नैना, इस पैकेट में क्या है?

नैना : इसमें मेरा बर्थ-डे गिफ्ट है, मेरे पापा लाए हैं।

रवि : दिखाओ तो........ (नैना पैकेट खोलती है)

रवि : अरे ये तो ट्रैफिक लाइट है और ये रोड़,ये जेबरा क्रॉसिंग।

नैना : हाँ, और देखो, स्विच ऑन करते ही ये सब चल पड़ेंगे।

रवि : ऑन करना (नैना ने स्विच ऑन किया)

रवि : वाह! बिल्कुल हमारी मैडम ने जैसे हमें सिखाया था। लाल बत्ती होने पर पैदल चलने वालों को जेबरा क्रासिंग से रोड पार करनी है, सड़क पर बायीं ओर चलना है। हरी होने पर सब गाड़ियाँ कैसे चल पड़ी? वाह! वाह ! (ताली बजाता है)कितना प्यारा खिलौना है?

रवि : अरे ट्रैफिक पुलिस ने इस लाल गाड़ी को क्यों रोक लिया?

नैना : इसने सीट बैल्ट नहीं लगाई थी और फोन पर भी बात कर रहा था।

रवि : ओह, वैरी बैड, हमारे पड़ौसी अंकल का एक्सीडेंट भी तो इसीलिए हुआ था। मम्मी कहती है अगर कोई उनकी मदद करता तो वे बच जाते।

नैना : हाँ,अगर हम रास्ते में कोई एक्सीडेंट देंखे तो हमें मदद जरूरी करनी चाहिए। हमें 100 नंबर पर पुलिस को फोन करना चाहिए।

रवि : चलो, चलो, बाकी दोस्तों को भी तुम्हारा खिलौना दिखाते हैं?

**प्रश्न 2 . बच्चों के लिए खिलौने कैसे होने चाहिए?**

(क) नुकीले

(ख) ज्ञानवर्धक

(ग) रुचिकर

(घ) ख व ग दोनों तरह के

**प्रश्न 3 . नैना के पिता ने नैना को ट्रैफिक सिग्नल से संबधित खिलौना क्यों दिया?**

(क) खेल - खेल में वह ट्रैफिक सिग्नल से संबधित नियमों को जान सके ।

(ख) ताकि वह खेल सके ।

(ग) ताकि वह खुश रहे ।

(घ) नैना के पिता के पास ओर कोई विकल्प नहीं था ।

**प्रश्न 4 . सड़क पार करते समय हमें किन-किन नियमों का पालन करना चाहिए?**

(क) लाल बत्ती होने पर पैदल चलने वालों को जेबरा क्रासिंग से रोड पार करनी है।

(ख) सड़क पर बायीं ओर चलना है।

(ग) बत्ती हरी होने पर सब गाड़ियाँ को चलना चाहिए ।

(घ) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 5 . रास्ते में हुई किसी दुर्घटना को देखकर आप क्या करेंगे?**

(क) हमें मदद जरूरी करनी चाहिए।

(ख) हमें 100 नंबर पर पुलिस को फोन करना चाहिए।

(ग) प्राथमिक उपचार करना चाहिए ।

(घ) उपरोक्त सभी कार्य करने चाहिए ।

**उत्तर-तालिका = 1 (ग), 2 (घ) , 3 (क), 4 (घ), 5 (घ)**

# पाठ - 5

## जहां चाह वहां राह (लेख)

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- विद्यार्थियों को जीवन में मेहनत करना सिखाना
- पाठ के माध्यम से देश के विभिन्न प्रांतों में कपड़े पर की जाने वाली हस्तकला के बारे में परिचित कराना
- इच्छाशक्ति के महत्व को समझाना
- पाठ सुनने के बाद थी पाठ से संबंधित पांच प्रश्नों के उत्तर 5-6 वाक्यों में लगभग 25 से 30 शब्द के देने में समर्थ होंगे
- विद्यार्थी अध्यापक द्वारा पढ़ाए गए पाठ को ध्यान पूर्वक सुनेंगे तथा उसके अर्थ को समझेंगे
- पाठ विस्तार में सहायक स्मार्ट बोर्ड दृश्य श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना जैसे पीपीटी ऑडियो वीडियो आदि
- पाठ वाचन के माध्यम से पूर्व पठित अंश से विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा
- इच्छाशक्ति की महत्ता के विषय में विद्यार्थी अपने विचार व्यक्त करेंगे
- विद्यार्थियों को लेख के अनुसार सिलाई और कढ़ाई के बारे में जानकारी देते हुए शुद्ध उच्चारण एवं विराम चिन्हों का प्रयोग करते हुए पठन कार्य करवाना
- पाठ के अंत में विद्यार्थी शुद्ध उच्चारण करते हुए पाठ में आए कम से कम पांच वाक्य 20 से 25 शब्दों वाले धाराप्रवाह पढ़ने में सक्षम होंगे
- लेख में सिलाई और कढ़ाई से संबंधित कई शब्द आए हैं उनकी सूची बनाकर लेखन कौशल बढ़ाना
- पाठ पढ़ने के पश्चात अपनी सोच में आए बदलाव को लिखित रूप में प्रस्तुत करना

- छात्र 5 प्रश्नों का उत्तर 20 से 25 अपने शब्दों में जिसमें चार पांच जटिल शब्द भी होंगे लिख पाएंगे
- कम से कम 8 से 10 नवीन शब्दों के अर्थ जानने में सक्षम होना जैसे- लकीरें, चुनौतियां, प्रदर्शनी आदि
- निम्न के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का मूल्यांकन करना
  - ➢ चर्चा-- दिव्यांगों की सहायता पर
  - ➢ लघु प्रश्न निर्माण के माध्यम से
  - ➢ प्रश्नोत्तरी
  - ➢ कठिन शब्दों के श्रुतलेख द्वारा
- जीवन में परिश्रम एवं इच्छाशक्ति के महत्व को समझाते हुए इस नैतिक मूल्य का विकास करना

**सीखने के प्रतिफल**:

- **अपने आसपास घटित घटने वाली विभिन्न घटनाओं की बारीकियों पर ध्यान देते हुए उन पर लिखित रूप से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं।**

**प्रश्न 1: मार्ग से जाते हुए साइकिल सवार दुर्घटनाग्रस्त हो गया । अपने माता-पिता को दुर्घटना की जानकारी दें ।**

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

**प्रश्न 2: टिकट - खिड़की पर एक यात्री का बटुआ भूलवश नीचे गिर गया । आपने समय रहते देख लिया और उसे यात्री तक कैसे पहुंचाया?**

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

**प्रश्न 3: अपनी कक्षा में पढ़ने वाले दिव्यांग छात्र की आप खेल के मैदान में कैसे सहायता करोगे?**

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................................




**प्रश्न 1 : उपरोक्त चित्र को देखकर बताएं की किन अधिकारों की बात की जा रही है ?**

(क) समानता का अधिकार

(ख) समान तोलने का अधिकार

(ग़) हिसाब रखने का अधिकार

**(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं**

**प्रश्न 2. चित्र में तराजू किस - का प्रतीक है ?**

**(क) मापक का**

**(ख) न्याय का**

**(ग) समान तोलने का**

**(घ) उपरोक्त में से कोई नही**

**प्रश्न** 3. **सही मिलान करे-**

| **राज्य** | **त्योहार** |
|---|---|
| **1. पंजाब** | **(ख) तीज** |
| **2. हरियाणा** | **(ग) लोहड़ी** |
| **3. गुजरात** | **(घ) बिहू** |
| **4. असम** | **(ड़) पतंग पर्व** |
| **5. तमिलनाडु** | **(च) दुर्गा पूजा** |
| **6. केरल** | **(छ) पोंगल** |
| **7. पश्चिम बंगाल** | **(ज) ओणम** |

(क) 1. (छ), 2. (ख), 3. (ग), 4. (घ), 5. (ड़), 6. (च), 7. (ज)

(ख) 1. (घ), 2. (ड़), 3. (ग), 4. (छ), 5. (च), 6. (ख), 7. (ज)

(ग) 1. (ग), 2. (ख), 3. (ड़), 4. (घ), 5.(छ), 6. (ज), 7. (च)

(घ) 1. (घ), 2. (ज), 3. (ग), 4. (ख), 5.(ड़), 6.(च), 7. (छ)

**उत्तर-तालिका = 1 (क), 2 (ख) , 3 (ग),**

## पाठ- 6

## चिट्ठी का सफर

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- विद्यार्थियों को पत्र लेखन के बारे में बताना
- पाठ के माध्यम से प्राचीन व नवीन पत्र वितरण के बारे में परिचित कराना
- विद्यार्थियों को पत्र को किस प्रकार लिखा जाता है उससे अवगत कराना
- पाठ सुनने के बाद विद्यार्थी पाठ से संबंधित पांच प्रश्नों के मौखिक उत्तर 5-6 वाक्यों जो लगभग 30 से 35 शब्दों के हो देने में समर्थ होंगे
- विद्यार्थी शिक्षक द्वारा पढ़ाए गए पाठ को ध्यान पूर्वक सुने पाठ विस्तार में सहायक स्मार्ट बोर्ड दृश्य श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना जैसे पीपीटी ऑडियो वीडियो आदि
- पाठ वाचन के माध्यम से पूर्व पति से विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा
- विद्यार्थी कक्षा में पत्र भेजने के विभिन्न माध्यमों की चर्चा- करेंगे
- विद्यार्थियों को लेकर के अनुसार अपने संदेशों को दूसरों तक पहुंचाने के बारे में जानकारी देना
- विद्यार्थी अपने द्वारा लिखे हुए पत्रों को कक्षा में पड़ेंगे
- पाठ के अंत में विद्यार्थी कम से कम 8 से 10 शब्दों को शुद्ध रूप से पढ़ने में सक्षम होंगे
- पाठ के अंत में विद्यार्थी शुद्ध उच्चारण करते हुए पाठ में आए कम से कम पांच वाक्य 20 से 25 शब्द वाले धाराप्रवाह पढ़ने में सक्षम होंगे
- लेख में पत्र संबंधी सभी प्रकार की जानकारी देकर उनका लेखन कौशल बढ़ाना
- विद्यार्थी को बधाई पत्र अथवा कोई भी अन्य पत्र लिखवा कर लेखन कौशल का विकास करना
- छात्र 5 प्रश्नों का उत्तर 20 से 25 अपने शब्दों में जिसमें चार पांच जटिल शब्द भी होंगे लिख पाएंगे

- पाठ के अंत में विद्यार्थी कम से कम 8 से 10 शब्दों के अर्थ उनके वाक्य प्रयोग करने में सक्षम होंगे
- निम्न के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का मूल्यांकन करना
- चर्चा- पत्र लेखन पर लघु प्रश्न निर्माण के माध्यम से प्रश्नोत्तरी कठिन शब्दों के श्रुतलेख द्वारा
- नवीन खोजों के साथ-साथ पुरानी चीजों के महत्व को समझाते हुए विद्यार्थियों में इस नैतिक मूल्य का विकास करना

**सीखने के प्रतिफल**:

- **विविध प्रकार की सामग्री जैसे समाचार पत्र के मुख्य शीर्षक बाल पत्रिका पोस्टर आदि में आए संवेदनशील बिंदुओं पर मौखिक लिखित अभिव्यक्त करते हैं जैसे ईदगाह कहानी पढ़ने के बाद बच्चा कहता है मैं भी अपनी दादी की खाना बनाने में मदद करता हूं।**

**इंटरनेट ने समाज पर इस तरह का प्रभाव पैदा किया है, कि पत्रिकाओं की अब जरूरत कहां, अब तो सब एप्प पर चल रहा है. बाल साहित्य तो और भी, क्योंकि न उसके गढ़ने में वैसी रुचि और दक्षता रही और न उसको ग्रहण करने में ही समाज का जोर है. खिलौनों पर, या पिज्जा पार्टी पर हजारों रुपए खर्च करने में जिन्हें परहेज नहीं होता, उन्हें पचास रुपए महीने की एक पत्रिका अखरती है. आखिर क्यों ? ऐसे में यदि एक–एक कर बाल साहित्य और ऐसी पत्रिकाएं दम तोड़ती जाएं तो इसमें आश्चर्य नहीं करना चाहिए.**

**1949 में देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने सूचना मंत्रालय के प्रकाशन विभाग की ओर से प्रकाशित बाल पत्रिका बाल भारती की बढ़ती लोकप्रियता पर बधाई देते हुए रंगनाथ रामचंद्र दिवाकर को पत्र लिखकर बधाई दी थी. उन्होंने बाल भारती जैसी पत्रिकाओं को शैक्षणिक गुणवत्ता और हिंदी भाषा के विकास के लिए बहुत जरुरी बताया था.**

**प्रश्न 1.  उपरोक्त गद्यांश में किस बात पर चिंता व्यक्त की गई है ?**

(क) बाल साहित्य की पत्रिकाओं पर

(ख)  पत्र लिखने पर

(ग) किताब लिखने पर

(घ) इंटरनेट पर

**प्रश्न 2. प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु भारत देश के ..............प्रधानमंत्री थे ?**

(क) दूसरे

(ख) पहले

(ग) तीसरे

(घ) उपरोक्त में से कोई नही

नीचे दिए गए पोस्टर को देखकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।



**प्रश्न 3 - संक्रमण से फैलने वाली इस बीमारी के लक्षणों के बारे में सही है-**

क - बीमार व्यक्ति को थकावट होती है।

ख - बदन दर्द , नाक गिला , गले में खराश होती है।

ग - बुखार, खांसी और सांस लेने में समस्या होती है।

घ - हाथ -पाँव में सून आ जाती है

**प्रश्न 4 - मास्क किन व्यक्तियों को पहनना अनिवार्य है?**

क - सभी जुकाम पीड़ित व्यक्तियों को

ख - बीमार व्यक्ति की देखभाल करने वालों को

ग - अस्पताल के अंदर मिलने आने वालों को

घ - संक्रमित व्यक्ति के परिवार वालों को

(अ) क और ख दोनों

(ब) क और ग दोनों

(स) के वल घ

**(द) सभी को**

**उत्तर-तालिका = 1 (क), 2 (ख) , 3 (ग), 4 (द)**

# पाठ - 7

# डाकिए की कहानी कुंवर सिंह की जुबानी

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- विद्यार्थियों को डाकिए के जीवन के बारे में बताना
- पाठ के माध्यम से कवर सिंह के जीवन के बारे में परिचित कराना
- विद्यार्थियों को कवर सिंह की जुबानी डाकिये के जीवन में घटित घटनाओं से अवगत कराना
- पाठ सुनने के बाद विद्यार्थी पाठ से संबंधित पांच प्रश्नों के मौखिक उत्तर 5-6 वाक्यों जो लगभग 30 से 35 शब्दों के हो देने में समर्थ होंगे
- विद्यार्थी शिक्षक द्वारा पढ़ाई गए पाठ को ध्यान पूर्वक सुनेंगे
- पाठ विस्तार में सहायक स्मार्ट बोर्ड दृश्य श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना ऑडियो वीडियो के प्रयोग द्वारा श्रवण क्षमता में वृद्धि की जाएगी
- पाठ वाचन के माध्यम से पूर्व परितंत्र से विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा
- विद्यार्थी डाकिए द्वारा किए जाने वाले कार्यो की चर्चा- कक्षा में करेंगे
- विद्यार्थियों को लेख के अनुसार डाकिए द्वारा किए जाने कार्यों के बारे में जानकारी देना
- विद्यार्थी शुद्ध उच्चारण करते हुए एवं विराम चिन्ह का ध्यान रखते हुए पठन कार्य करेंगे
- पाठ के अंत में विद्यार्थी कम से कम 8 से 10 शब्दों को शुद्ध रूप से पढ़ने में सक्षम होंगे

- पाठ के अंत में विद्यार्थी शुद्ध उच्चारण करते हुए पाठ में आए कम से कम पांच वाक्य 20 से 25 शब्दों वाले धाराप्रवाह पढ़ने में सक्षम होंगे
- लेख के माध्यम से बच्चों में संवाद कौशल पर चर्चा- करके उनका लेखन कौशल बढ़ाना
- छात्र 5 प्रश्नों का उत्तर 20 से 25 अपने शब्दों में जिसमें चार पांच जटिल शब्द भी होंगे लिख पाएंगे
- 8 से 10 नवीन शब्दों के अर्थ उनके वाक्य प्रयोग करने में सक्षम होंगे
- जैसे अंतर्देशीय लिफाफा तारीख पोस्टकार्ड आदि निम्न के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का मूल्यांकन करना
- चर्चा- आधुनिक युग वह पूर्व काल के संदेश भेजने के साधनों पर लघु प्रश्न निर्माण के माध्यम से प्रश्नोत्तरी कठिन शब्दों के श्रुतलेख द्वारा
- इस पाठ के माध्यम से अपने कार्य को पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ पूर्ण करना एवं प्रसन्न रहने के भाव को समझाते हुए इस नैतिक मूल्य का विकास करना

**सीखने के प्रतिफल**:

- **भाषा की व्याकरण की इकाइयों जैसे कारक चिन्ह क्रिया, काल ,विलोम आदि की पहचान करते हैं और उनके प्रति सचेत रहते हुए लिखते हैं**

**प्रश्न 1. अपने घर पर कोई पुराना (या नया) पत्र ढूँढ़ो। उसे देखकर नीचे लिखे प्रश्नों का जवाब लिखो-**

(क) पत्र किसने लिखा?

(ख) किसे लिखा?

(ग) किस तारीख को लिखा?

(घ) यह पत्र किस डाकखाने में तथा किस तारीख को पहुँचा?

(ङ) यह उत्तर तुम्हें कैसे पता चला?

संज्ञा या सर्वनाम का क्रिया के साथ होने का सीधा संबंध बताने वाला चिन्ह कारक कहलाता है कारक के आठ भेद हैं उनमें सभी में अलग-अलग जिन्हें प्रयुक्त होते हैं. उन चिह्न को विभक्ति कहते हैं. इन कारकों के चिन्हों या विभक्तियों को परसर्ग भी कहा जाता है जैसे ने, में, को, से

उपरोक्त पंक्तियों को पढ़कर , निम्न प्रश्नो के उत्तर दीजिए ।

**प्रश्न 2 ." मोहित ने पानी पिया", वाक्य में कारक का कौन - सा प्रकार है ?**

(क) कर्ता कारक

(ख) कर्म कारक

(ग) करण कारक

(घ) सम्प्रदान कारक

**प्रश्न 3. निम्न में से क्रिया शब्द की पहचान करो ?**

(क) खेलना (ख) फूटबाल (ग) राम (घ) मैदान

**प्रश्न 4. निम्न में से कौन-सा शब्द कारक नहीं है ?**

(क) ने (ख) अरे ! (ग) और (घ) से

**उत्तर-तालिका = 1 (बच्चे स्वयं उत्तर देंगें), 2 (क) , 3 (क), 4 (ग)**

## पाठ - 8

## वे दिन भी क्या थे

**शिक्षण के लक्ष्य-**

• विद्यार्थियों को डायरी लेखन के बारे में बताना

• पाठ के माध्यम से बीते दिनों की प्रशंसा के बारे में परिचित कराना

• तकनीकी विकास की गति और परिवर्तन को देखते हुए आज से डेढ़ सौ साल के बाद स्कूलों के स्वरूप और शिक्षा के माध्यम की स्थिति के बारे में बताना

• पाठ सुनने के बाद विद्यार्थी पाठ से संबंधित पांच प्रश्नों के मौखिक उत्तर 5-6 वाक्यों जो लगभग 30 से 35 शब्दों के हो देने में समर्थ होंगे

• स्कूलों के बदलते स्वरूप और उस में प्रयोग होने वाले तकनीकी चर्चा- करते हुए शिक्षक द्वारा पाठ का वाचन किया जाएगा तथा विद्यार्थी ध्यान पूर्वक उसे सुनेंगे और उसके भाव को ग्रहण करेंगे

• पाठ विस्तार में सहायक स्मार्ट बोर्ड दृश्य श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना एवं क्षमता में वृद्धि करना

• पाठ वाचन के माध्यम से पूर्व पठित अंश से विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा

• विद्यार्थी शब्दों एवं भावों का ध्यान रखते हुए अपने विचार व्यक्त करेंगे

• विद्यार्थियों को विज्ञान कथा के अनुसार बचपन से बुढ़ापे तक के सफर के बारे में जानकारी देना

• पाठ के अंत तक विद्यार्थी कम से कम 8 से 10 शब्द पढ़ने एवं उनके अर्थ समझने में सक्षम होंगे जैसे- सामग्री, मशीन, पर्दा, चक्की आदि

• पाठ के अंत में विद्यार्थी शुद्ध उच्चारण करते हुए पाठ में आए कम से कम पांच वाक्य 20 से 25 शब्दों वाले धाराप्रवाह पढ़ने में सक्षम होंगे

• लेख के माध्यम से बच्चों के बीते दिनों के बारे में लिखकर उनका लेखन कौशल को बढ़ाना

• छात्र 5 प्रश्नों का उत्तर 20 से 25 अपने शब्दों में जिसमें चार पांच जटिल शब्द भी होंगे लिख पाएंगे

• 8-10 नवीन शब्दों को रेखांकित कर उनके अर्थ जानने तथा वाक्य निर्माण में सक्षम होंगे जैसे सामग्री मशीन पर्दा चक्की आदि

• निम्न  के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का मूल्यांकन करना

• चर्चा-- पढ़ाई के आधुनिक साधनों पर लघु प्रश्न निर्माण के माध्यम से प्रश्नोत्तरी

प्राचीन शिक्षा प्रणाली को समझाते हुए आज के युग की शिक्षा के अनुरूप तकनीकों का प्रयोग करना के भाव का विकास करना

**सीखने के प्रतिफल:**
**सुनी अथवा पड़ी रचनाओं (हास्य ,साहसिक ,सामाजिक आदि विषयों पर आधारित कहानी कविता आदि) की विषय वस्तु, घटनाओं ,चित्रों और पात्रों शिक्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं/ प्रश्न पूछते हैं/ अपनी स्वतंत्र टिप्पणी देते हैं अपनी बात के लिए तर्क देते हैं निष्कर्ष निकालते हैं**

**निम्नलिखित कविता को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये -**



• कविता • डॉ. देवेंद्र भारद्वाज

## प्रवासी पक्षी

उड़कर चला तो जाता है,
दाने-पानी की तलाश में।
पर ढूंढता रहता है,
कोई अपना,
पूरे आकाश में।

सुबह, शाम
सुख में, दुख में
देखता है,
अपने पुराने घोंसले को।
अपनों से दूर,
रोज़ बनते, बिगड़ते
हौसले को।

तिनका-तिनका सहेजता है,
छोटे से नीड़ में।
अंगुलियों पर गिन लेता है,
अपनों को,
परिचितों की भीड़ में।

तपती धूप,
सर्द हवाएं,
सब सह लेता है।
कभी सबको,
कभी स्वयं को ही,
सब कह लेता है।

सीखता है, चहकता है,
नई-नई भाषा में।
चुन-चुनकर सहेजता है,
पुराने शब्द,
अपनों से मिलन की आशा में।

**प्रश्न 1. प्रवासी पक्षियों से क्या अभिप्राय है ?**

(क) अपने देश के पक्षी

(ख) जंगल में रहने वाले पक्षी

(ग) पिंजरे के पक्षी

(घ) विदेशों से आने वाले पक्षी

**प्रश्न 2. दी गई पंक्तियों में नीड़ का क्या अर्थ है ?**

**(क)** पिंजरा

**(ख)** आकाश

**(ग)** घोंसला

**(घ)** डाल

**प्रश्न 3. पक्षी प्रवास क्यों करते हैं ?**

**(क)** अपने आपको को संरक्षित करने के लिए

**(ख)** ऋतु परिवर्तन के कारण

**(ग)** भोजन की तलाश में

**(घ)** उपरोक्त सभी

| |
|---|
| उत्तर-तालिका = 1 (घ), 2 (ग) , 3 (घ), |

## पाठ -9

## एक मां की बेबसी ( कवि कुंवर नारायण )

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- मां विषम से विषम परिस्थितियों में बच्चों का साथ देती है इस पर बच्चों के साथ चर्चा- करना
- कविता के माध्यम से बीते दिनों की खट्टी मीठी यादों से परिचित कराना
- विद्यार्थियों को मां के प्रेम से अवगत कराना
- पाठ सुनने के बाद विद्यार्थी पाठ से संबंधित पांच प्रश्नों के मौखिक उत्तर पांच वाक्यों जो लगभग 30 से 35 शब्दों के हो देने में समर्थ होंगे
- शिक्षक द्वारा सुनाई गई कविता को ध्यान पूर्वक सुनकर उसके भाव को समझना
- कविता विस्तार में सहायक स्मार्ट पूर्ण दृश्य श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना जैसे पीपीटी ऑडियो वीडियो आदि
- पाठ वाचन के माध्यम से पूर्व पठित अंत से विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा
- विद्यार्थी सुर-ताल एवं लेख के माध्यम से कविता का कक्षा में वाचन करेंगे
- विद्यार्थियों को मां द्वारा बचपन में सुनाई गई कहानियों के बारे में जानकारी देना
- पाठ के अंत में विद्यार्थी शुद्ध उच्चारण करते हुए पाठ में आए कम से कम पांच वाक्य 20 से 25 शब्दों वाले धाराप्रवाह पढ़ने में सक्षम होंगे
- पाठ के अंत में कम से कम 8 से 10 शब्दों को पढ़ने में सक्षम होंगे जैसे घबराहट बेबसी, छटपटाह ,निहारती , बेहतर
- कविता के माध्यम से मां की मीठी यादों के बारे में लिखें मां का जीवन में महत्व विषय पर अनुच्छेद लेखन करना
- छात्र 5-6 प्रश्नों का उत्तर 20 से 25 अपने शब्दों में जिसमें चार पांच जटिल शब्द भी होंगे लिख पाएंगे
- 8-10 नवीन शब्दों को रेखांकित कर उनके अर्थ जानना जैसे घबराहट, बेबसी, छटपटाहट, निहारती बेहतर आदि के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का मूल्यांकन करना

- चर्चा-- दिव्यांग बच्चों पर लघु प्रश्न निर्माण के माध्यम से प्रश्नोत्तरी
- कविता की कुछ पंक्तियां सुन कर दिए गए चित्र में से चीजों की पहचान करवाकर तथा सीखे गए नए शब्दों के श्रुतलेख द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा
- मां के प्रति आदर तथा सम्मान का भाव रखने के नैतिक मूल्य का विकास करना

**सीखने के प्रतिफल**:

- **स्तरानुसार अन्य विषयों व्यवसाय , कलाओं आदि जैसे गणित, विज्ञान ,सामाजिक अध्ययन, नृत्य कला, चिकित्सा आदि में प्रयुक्त होने वाली शब्दावली को समझते हैं और संदर्भ एवं स्थिति के अनुसार उनका लेखन में इस्तेमाल करते हैं**

**प्रश्न 1. विषयों, व्यवसाय, कलाओं आदि जैसे गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, नृत्य कला, चिकित्सा आदि में प्रयुक्त होने वाली शब्दावली को नीचे दी गई तालिका मे पूरा करो**

| गणित | पर्यावरण | नृत्य कला | चित्रकला | चिकित्सा | व्यवसाय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ऑपरेशन | |
| | जड़ी-बूटी | | | | मिट्टी के बर्तन बनाना |
| ब्याज | | | | | |
| | | | ब्रश | | |
| | | मेकअप | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |



# दवाई के पत्तों पर बने निशान क्या कहते हैं?

दवाइयों का सेवन बहुत सोच-समझकर करना ज़रूरी है। कुछ लोग बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी दवाई ख़रीदकर खा लेते हैं। इससे हल तो नहीं निकलता, लेकिन परेशानी ज़रूर बढ़ जाती है। ऐसे में दवा कोई भी हो, इन्हें ख़रीदने के नियम जानना बहुत ज़रूरी है। जिन दवाइयों को संभलकर लेना चाहिए, उनके लिए कुछ चिह्न बनाए गए हैं, जो दवाई के पत्तों पर भी दिए होते हैं। कुछ दवाई के पत्तों पर आपने भी लाल रंग की पट्टी बनी देखी होगी। पर ऐसे निशानों के मायने क्या हैं, यह भी जानें...




**प्रश्न 2. दवाइयों पर लाल रंग की धारी / पट्टी लगाने का क्या कारण है?**

(क) डॉक्टर की पर्ची के बिना ना तो बेचा जा सकता है और ना ही इस्तेमाल किया जा सकता है ना ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए

(ख) इसलिए भी लगाई जाती है एंटीबायोटिक दवाओं का गलत इस्तेमाल ना हो

(ग) उपरोक्त दोनों कारण सही है

(घ)उपरोक्त में से कोई नहीं




**प्रश्न 3. (Rx) आरएक्स का क्या अर्थ है?**

(क) डॉक्टर द्वारा दी गई दवा है

(ख) डॉक्टर द्वारा पर्ची पर लिखकर दी गई दवा है

(ग) डॉक्टर की सलाह के बिना दवाइयों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए

(घ) डॉक्टर द्वारा जो दवाएं लिखी जा रही हैं उन्हें लें और खाएं।

**प्रश्न 4 . भूकंप के क्या - क्या कारण होते है?**

(क) भारी मात्रा में गैस प्रवास

(ख) ज्वालामुखी

(ग) पृथ्वी के भीतर गहरी मीथेन, भूस्खलन अथवा नाभिकीय परीक्षण

(घ) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 5 . बच्चों को स्कूल में अपनी पढ़ाई से अधिक क्या अच्छा लगता है ?**

(क) कंप्यूटर क्लास

(ख) जिम

(ग) अपने साथियों के साथ खेलना

(घ) कोई नहीं

उत्तर-तालिका = 1 (तालिका पूरी करो ), 2 (क) , 3 (घ),4(घ) 5 (ग)

## पाठ- 10

## एक दिन की बादशाहत

**सीखने के लक्ष्य:**

- विद्यार्थियों को बचपन में बड़ों जैसा जीवन जीना सिखाना
- पाठ के माध्यम से विद्यार्थियों को 1 दिन के लिए घरेलू परिस्थितियों से अवगत कराना
- विद्यार्थियों को जिम्मेदारियों से अवगत कराना
- पाठ सुनने के बाद विद्यार्थी पाठ से संबंधित पांच प्रश्नों के मौखिक उत्तर 5 - 6 वाक्यों जो लगभग 30 से 35 शब्दों के हो देने में समर्थ होंगे
- विधार्थी शिक्षक द्वारा पढ़ाए गए पाठ को ध्यान पूर्वक सुनेगे
- पाठ विस्तार में सहायक स्मार्ट बोर्ड दृश्य श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना
- पाठ के माध्यम से पूर्व से विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा
- विधार्थी अपनी - अपनी अपनी इच्छाओं व बातों के बारे में बताएंगे जो परिवार में पूर्ण नहीं हो पाती हम जो आसानी से पूर्ण हो जाती है
- पाठ के अंत में विद्यार्थी शुद्ध उच्चारण करते हुए पाठ में आए कम से कम पांच वाक्यों से 25 शब्दों वाले धाराप्रवाह पढ़ने में सक्षम होंगे
- यदि आपको 1 दिन का विद्यालय का मुखिया बना दिया जाए तो आप क्या-क्या बदलाव करेंगे उस पर अनुच्छेद लिखें
- छात्र 5-6 प्रश्नों का उत्तर 20 से 25 अपने शब्दों में जिसमें चार पांच जटिल शब्द भी होंगे लिख पाएंगे
- नवीन शब्दों को रेखांकित कर उनके अर्थ जानना जैसे पाबंदी, तकरार, तरकीब, जबरदस्ती आदि
- पाठ के अंत में कम से कम 8 से 10 शब्दों के अर्थ संस्कृत के वाक्य में प्रयोग करने में सक्षम होना
- निम्न के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का मूल्यांकन करना
- चर्चा- मौलिक अधिकारों पर लघु प्रश्न निर्माण के माध्यम से प्रश्नोत्तरी

- कठिन शब्दों के श्रुतलेख द्वारा
- पाठ के माध्यम से परिवार की परिस्थिति के अनुरूप स्वयं को डालना के नैतिक मूल्य का विकास करना

**सीखने के प्रतिफल:**

- **विभिन्न स्थितियों और उद्देश्यों (बुलेटिन पर लगाई जाने वाली सूचना, कार्यक्रम की रिपोर्ट जानकारी आदि प्राप्त करने के लिए )के लिए पढ़ते और लिखते हैं**

**निम्न दिए गए वार्तालाप को पढ़कर , प्रश्नों के उत्तर दीजिये**

(एक दिन जब राजू शाम को खेलकर घर लौटा)

राजू : माँ, जरा पचास रूपये देना।

माँ : अभी कल ही तो तुमने सौ रूपये लिए थे। इतने पैसे कहाँ से आएँगे? बहुत लापरवाह होते जा रहे हो। न तो किसी की बात सुनते हो, न ही मानते हो।

राजू : मुझे कुछ नहीं पता। मुझे बस पचास रूपये चाहिए। अभी।

माँ : ठीक है, मैं तुम्हें पचास नहीं, ढाई सौ रूपये देती हूँ। पहले दो दिन का खर्च चलाओ, फिर जो पैसे बचें वे तुम्हारे !

ठीक (यह सुनकर राजू खुश हो गया)

अगले दिन राजू बाजार से दूध, सब्जी, फल लेकर आया। अचानक शाम को मेहमान आ गए। ____

माँ : राजू ! बेटे जरा सुनो तो! जल्दी से बाजार से आधा किलो मिठाई और थोड़ी नमकीन लेकर आओ। कुछ ही देर में मेहमान आने वाले है।

राजू : (मायूसी से) ठीक है.............

(मिठाई व नमकीन खरीदने के बाद राजू ने जेब टटोली तो उसमें सिर्फ पाँच रूपये शेष थे और अभी एक दिन शेष था)

**प्रश्न 1. राजू माँ से क्या माँगने की जिद कर रहा था?**

(क) पचास रुपये

(ख) बीस रुपये

(ग) ढाई सौ रूपये

(घ) सौ रूपये

**प्रश्न 2. माँ ने राजू को कैसे उसके कर्तव्यों का ज्ञान करवाया?**

(क) उसे काम की जिम्मेदारी दे कर ।

(ख) उसे खेले भेज कर।

(ग) पचास रुपये दे कर ।

(घ) ढाई सौ रूपये दे कर ।

**प्रश्न 3. अंत में राजू ने सीखा**

(क) कर्तव्यों का पालन करना।

(ख) माँ का कहना मानना।

(ग) बेकार के कामों में दखल न देना।

(घ) (क) व (ख) दोनों।

उत्तर-तालिका = 1 (क), 2 (क) , 3 (घ)

## पाठ -11

## चावल की रोटियाँ ( नाटक)

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- विद्यार्थियों को बचपन के शौक पूरा करने के बारे में बताना
- नाटक के माध्यम से चावल से विभिन्न प्रकार के पकवानों से परिचित कराना
- विद्यार्थियों को चावल की रोटियां खाने की इच्छा से अवगत कराना
- पाठ सुनने के बाद विद्यार्थी पाठ से संबंधित पांच प्रश्नों के मौखिक उत्तर पांच वाक्य जो लगभग **35** से **40** शब्दों के हो देने में समर्थ होंगे
- शिक्षक द्वारा पढ़े जाने वाले पाठ को ध्यान पूर्वक सुनना एवं उसके भाव को समझना
- नाटक विस्तार में सहायक बोर्ड दृश्य श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना
- पाठ वाचन के माध्यम से पूर्व प्रांत से विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा
- विद्यार्थी विभिन्न प्रकार के अन्य एवं भगवानों की कक्षा में चर्चा- करेंगे
- पाठ के अंत में विद्यार्थी शुद्ध उच्चारण करते हुए पाठ में आए कम से कम पांच वाक्य **20** से **25** शब्दों वाले धाराप्रवाह पढ़ने में सक्षम होंगे
- नाटक के माध्यम से मनपसंद पकवान की विधि लिखवा कर उनका लेखन कौशल बढ़ाना
- छात्र **5** प्रश्नों का उत्तर **20** से **25** अपने शब्दों में जिसमें चार पांच जटिल शब्द भी होंगे लिख पाएंगे
- **8** से **10** शब्दों के अर्थ उनके वाक्य प्रयोग करने में सक्षम होंगे नाटक के माध्यम से पकवान की विधि अपने शब्दों में जिसमें **5** शब्द भी होंगे लिख पाएंगे
- **8** से **10** शब्दों के अर्थ उनके वाक्य प्रयोग करने में सक्षम होंगे
- जैसे खुशकिस्मती, ऐतराज, फूलदान, करंट आदि के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का मूल्यांकन करना
- परिचर्चा-- विभिन्न प्रांतों के विभिन्न पर लघु प्रश्न निर्माण के माध्यम से प्रश्नोत्तरी कठिन शब्दों के द्वार

आपस में मिल जुल कर रहना एवं मिल बांट कर खाने के भाव को समझाते हुए इस नैतिक मूल्य का विकास करना

**सीखने के प्रतिफल** :

- **अपनी पाठ्य पुस्तक से सामग्री ( अखबार, बाल पत्रिका और होर्डिंग आदि) को समझाते हुए पढ़ते और उसके बारे में बताते हैं।**

**निम्न चित्र को ध्यान से पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**



बाल भास्कर 23 अक्टूबर 2020 (14)

सेहत का राज

# सर्दी का मौसम और सेहत

- मोनिका अग्रवाल

**मौसम में हल्की ठंडक अहसास दिला रही है कि ठंड का मौसम शुरू होने वाला है। ऐसे में कोरोना का खतरा भी बढ़ जाएगा। तो क्यों न अभी से जान लें कि सर्दी में हम कैसे स्वस्थ रह सकते हैं-**

ठंड शुरू होते ही वातावरण में नमी बढ़ती जाएगी और यह कोरोना के वायरस को एक जगह से दूसरी जगह तेजी से फैला सकती है। ऐसे में आप कुछ बातों का ध्यान रख खुद का ख्याल रख सकते हैं-

- सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन के अनुसार किसी भी अन्य उम्र के व्यक्तियों की तुलना में 5 से 17 साल के बच्चों में नॉवेल कोरोनावायरस इन्फेक्शन होने का खतरा ज्यादा होता है।
- मौसमी फ्लू दूषित सतह को छूने या संक्रमित व्यक्ति के संपर्क से होता है, इसलिए व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे कि हाथ धोना, सोशल डिस्टेंसिंग, भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचें।
- जब भी आप खेल रहे हों, तो ध्यान रखें कि खेल खत्म होने के बाद आपको अपने हाथ और खिलौने साबुन से धोना हैं। साथ ही कुछ भी खाने से पहले आपको अपने हाथ 30 सेकंड तक धोने चाहिए।
- इस मौसम में खांसी-जुकाम जैसे- एलर्जी, अस्थमा या ब्रोंकाइटिस (जिसमें सांस लेने वाले पाइप में ठंड से सूजन हो जाती है फिर फेफड़ों को ऑक्सीजन नहीं मिलती), या सांस लेने वाले पाइप में बलगम या रुकावट (रिकरेन्ट व्हीजिंग) हो सकती है। सामान्य वायरल बीमारी से भी बचें।
- बैलेंस्ड डाइट, पर्याप्त हाइड्रेशन, फलों और सब्जियों का ज्यादा से ज्यादा सेवन बीमारियों से लड़ने के लिए इम्युनिटी प्रदान करेगा, जिससे आप स्वस्थ रहेंगे।
- जंक फूड, कोल्ड ड्रिंक बिलकुल भी नहीं पीना है, बल्कि गर्म पानी या हलका गर्म पानी ही पिएं और रोजाना एक्सरसाइज करें।
- ज्यादा दिनों तक रेफ्रिजरेटर में रखे खाद्य पदार्थ न खाएं। यह उल्टी या दस्त का कारण बन सकते हैं। उन खाद्य पदार्थों से दूर रहें जो कि फफूंदयुक्त, बासी या सड़ चुके हों।
- सबसे महत्त्वपूर्ण बात, फेस कवर या फेस मास्क पहने बिना बाहर कदम न रखें। वेंटिलेशन का ध्यान रखें।
- सुबह शाम का मौसम ज्यादा नुकसानदायक होता है, इसलिए पूरी आस्तीन के कपड़े व पैंट या ट्राउजर के साथ ही जूतों का प्रयोग करें।

(डॉ.सुदीप चौधरी (कंसल्टेंट एंड पीडियाट्रिशियन) पालम विहार(दिल्ली), डॉ. शुचिन बजाज(दिल्ली), डॉ. मीना जे(बाल रोग विशेषज्ञ और नियोनेटोलॉजिस्ट) से बातचीत के आधार पर)

**प्रश्न 1. सर्दी के मौसम में बीमार होने से कैसे बचा जा सकता है ?**

(क) हाथ धोने से

(ख) बासी, सड़े, जंक फूड आदि खाने से बचना चाहिए ।

(ग) क व ख दोनों सही है

(घ) केवल ख सही

**प्रश्न 2. स्वस्थ रहने के लिए निम्नलिखित मे से आवश्यक है ?**

(क) संतुलित खुराक

(ख) पर्याप्त पानी पीना

(ग) फलों और सब्जियों का सेवन

(घ) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 3. कोरोना से बचाव के क्या उपाय है ?**

(क) समय -समय पर हाथ धोना

(ख) सामाजिक दूरी

(ग) मास्क पहनना

(घ) उपरोक्त सभी

उत्तर-तालिका = 1 (ग), 2 (घ) , 3 (घ)

## पाठ- 12

## गुरु और चेला

- विद्यार्थियों को सस्ती  चीजों के बारे में बताना ।
- कविता के माध्यम से अंधेर नगरी चौपट राजा की कहानी के अर्थ से परिचित कराना
- पाठ सुनने के बाद विद्यार्थी पाठ से संबंधित पांच प्रश्नों के मौखिक उत्तर पाठ 6 वाक्य जो लगभग 35 से 40 शब्दों के हो देने में समर्थ होंगे।
- शिक्षक द्वारा पढ़ाई गई कविता को ध्यान पूर्वक सुनना इसके भाव को समझना कविता विस्तार में सहायक स्मार्ट बोर्ड दृश्य श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना ।
- पाठ वाचन के माध्यम से पूर्व पठित अंश से विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा विद्यार्थी गुरु और शिष्य के मध्य संबंधों के चर्चा- करेंगे।
- विद्यार्थियों को गुरु और चेले के मुसीबत में फंसने की जानकारी देते हुए उनसे कविता का पठन कार्य करवाना ।
- पाठ के अंत में विद्यार्थी शुद्ध उच्चारण करते हुए पाठ में आए कम से कम पांच वाक्यों 25 से 30 शब्दों वाले धाराप्रवाह पढ़ने में सक्षम होंगे।
- जैसे  ढेला, गगरी, ग्वालिन ,करतब ,न्योता, झमेला आदि।
- कविता के माध्यम से सस्ती चीजों के मिलने पर उस खुशी को अपने शब्दों में लिखकर उनका लेखन कौशल बढ़ाना ।
- छात्र 5 प्रश्नों का उत्तर 20 से 25 अपने शब्दों में जिसमें चार पांच जटिल शब्द भी होंगे लिख पाएंगे।
- 8 से 10 नवीन शब्दों के अर्थ उनके वाक्य प्रयोग करने में सक्षम होंगे जैसे ढेला, गगरी, ग्वालिन, करतब ,न्योता ,झमेला आदि।
- निम्न के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का मूल्यांकन करना ।
- चर्चा- अन्य कुछ इसी प्रकार की कहानियों पर लघु प्रश्न निर्माण के माध्यम से प्रश्नोत्तरी।
- आया तो नहीं आ गया संकट के समय समझदारी से एवं बुद्धि से काम करने पर हर समस्या का समाधान निकल सकता है इस नैतिक मूल्य का विकास करना।

| |
|---|
| **सीखने के प्रतिफल:**<br>• **भाषा की बारीकियों जैसे शब्दों की पुनरावृत्ति ,सर्वनाम, विशेषण, जेंडर ,वचन आदि के प्रति सचेत रहते हुए लिखते हैं।**<br>• विभिन्न स्थितियों और उद्देश्य (बुलेटिन इन पर लगाई जाने वाली सूचना कार्यक्रम की रिपोर्ट जानकारी अभी प्राप्त करने के लिए के लिए) पढ़ते और लिखते हैं। |

**प्रश्न 1. वह जंगल में रहता था । वाक्य में सर्वनाम पद कौन -सा है ?**

(क) जंगल

(ख) वह

(ग) रहना

(घ) में

**प्रश्न 2. `भारत` का विशेषण रूप निम्नलिखित में क्या होगा?**

(क) भारती

(ख) भारतमाता

(ग) भारतीय

(घ) भारतवर्ष

**प्रश्न 3 नीचे लिखे वाक्य पढ़ो। जिन शब्दों के नीचे रेखा खिंची है, उन्हें आजकल कैसे लिखते हैं, यह भी बताओ।**

(1) न जाने की अंधेर हो कौन <u>छ्न</u> में!

(2) गुरु ने कहा तेज़ ग्वालिन न <u>भग री</u>!

(3) इसी से गिरी, यह न मोटी <u>घनी थी</u>!

(4) ये गलती न मेरी, यह गलती <u>बिरानी</u>!

(5) न ऐसी <u>महूरत</u> बनी बढ़िया जैसी

| | |
|---|---|
| 1. | (क) आजकल इस शब्द को 'क्षण' लिखते हैं। |
| 2. | (ख) आजकल इस शब्द को 'मुहूर्त' लिखते हैं। |
| 3. | (ग) आजकल इस शब्द को 'भाग रही' लिखते हैं। |
| 4. | (घ) आजकल इस शब्द को 'परायी' लिखते हैं। |
| 5. | (ङ) आजकल इस शब्द को 'मज़बूत' लिखते हैं। |

(क) 1. (क), 2. (ख), 3. (ग), 4. (घ), 5. (ड़)

(ख) 1. (क), 2. (ख), 3. (ग), 4. (ड़), 5. (घ)

(ग) 1. (ग), 2. (ख), 3. (क), 4. (घ), 5. (ड़)

(घ) 1. (क), 2. (ग), 3. (ड़), 4. (घ), 5. (ख)

**प्रश्न 4. चमाचम थी सड़कें ....... इस पंक्ति में 'चमाचम' शब्द आया है। नीचे लिखे शब्दों को पढ़ो और दिए गए वाक्यों में ये शब्द भरो-**

| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ड़) | (च) | (छ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पटापट | चकाचक | फटाफट | चटाचट | झकाझक | खटाखट | चटपट। |

1. आँधी के कारण पेड़ से ............... फल गिर रहे हैं।

2. हंसा अपना सारा काम ............. कर लेती है।

3. आज रहमान ने ............ सफ़ेद कुर्ता पाजामा पहना है।

4. उस भुक्खड़ ने ............ सारे लड्डू खा डाले।

5. सारे बर्तन धुलकर ............ हो गए।

(क) 1. (क), 2. (ख), 3. (ग), 4. (घ), 5. (ड़)

(ख) 1. (क), 2. (ख), 3. (ग), 4. (ड़), 5. (घ)

(ग) 1. (ग) 2. (ख), 3. (क), 4. (घ), 5. (ड़)

(घ)1. (क), 2. (ग), 3. (ख), 4. (छ), 5. (ड़)

"खरगोश की-सी कातर आँखें"

पशु-पक्षियों से तुलना करते हुए और भी बहुत-सी बातें कही जाती हैं जैसे - 'हिरन जैसी चाल'। ऐसे ही कुछ उदाहरण तुम भी बताओ।

प्रश्न 5 . तालिका को सुमेलित कीजिए ।

| | |
|---|---|
| 1. शेर जैसी | (क) नाक |
| 2. मोरनी जैसी | (ख) चतुर |
| 3. हाथी जैसी | (ग) चाल |
| 4.कुत्ते जैसी | (घ) दहाड़ |
| 5.कोयल जैसी | (ड़) गर्दन |
| 6. लोमड़ी जैसी | (च) आवाज़ |
| 7. हिरण जैसी | (छ) नकल |
| 8. बन्दर जैसी | (ज) आँख |

(क) 1. (क), 2. (ख), 3. (ग), 4. (घ), 5. (ड़)), 6. (च) 7. (ज) 8. (छ)

(ख) 1. (घ), 2. (ड़), 3. (ग), 4. (क), 5. (च), 6. (ख) 7. (ज) 8. (छ)

(ग) 1. (ग), 2. (घ), 3. (क), 4. (ख), 5. (ड़)), 6. (च) 7. (ज) 8. (छ)

(घ) 1. (घ), 2. (क), 3. (ग), 4. (ख), 5. (ड़), 6. (च) 7. (छ) 8. (ज)

उत्तर-तालिका = 1 (ख), 2 (ग) , 3 (घ),4 (घ), 5 (ख)

## पाठ- 13

## स्वामी की दादी

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- विद्यार्थियों को दादी की कहानियों के आनंद के बारे में बताना
- कहानी के माध्यम से विद्यार्थियों को दादी पोते के मीठे रिश्ते से परिचित कराना
- विद्यार्थियों को दादी के प्रेम से अवगत कराना
- पाठ सुनने के बाद विद्यार्थी पाठ से संबंधित पांच प्रश्नों के मौखिक उत्तर 5-6 वाक्यों जो लगभग 35 से 40 शब्दों के हो देने में समर्थ होंगे
- विद्यार्थी शिक्षक द्वारा पढ़ाए गए पाठ को ध्यान पूर्वक सुनेंगे और उसके भाव को समझेंगे
- कहानी विस्तार में सहायक स्मार्ट बोर्ड दृश्य श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना
- पाठ वाचन के माध्यम से पूर्व पठित अंश से विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा
- विद्यार्थी अपनी मनपसंद कहानी कक्षा में सुनाएंगे
- पाठ के अंत में विद्यार्थी शुद्ध उच्चारण करते हुए पाठ में आए कम से कम पांच वाक्य 25 से 30 शब्दों वाले धाराप्रवाह पढ़ने में सक्षम होंगे
- पाठ के अंत में कम से कम 8-10 शब्दों के अर्थ समझ कर वाक्य के प्रयोग करने में सक्षम होंगे जैसे परीक्षक, चकित ,गंध, चेतावनी आदि
- कहानी के माध्यम से अपनी दादी के विषय में लिखवा कर उनका लेखन कौशल
- बढ़ाना छात्र 5 प्रश्नों का उत्तर 20 से 25 अपने शब्दों में जिसमें चार पांच जटिल शब्द भी होंगे लिख पाएंगे
- 8 से 10 नवीन शब्दों के अर्थ उनके वाक्य प्रयोग करने में सक्षम होंगे। जैसे परीक्षक, चकित, गंध, चेतावनी आदि
- निम्न के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का मूल्यांकन करना
- चर्चा-- परिवार में बुजुर्गों के महत्व पर लघु प्रश्न निर्माण के माध्यम से प्रश्नोत्तरी कठिन शब्दों के श्रुतलेख द्वारा
- पाठ के माध्यम से सच्चाई के लिए सर्वस्व न्योछावर करने की भावना एवं नैतिक मूल्य का विकास करना
- दादी के प्रति प्रेम एवं सम्मान की भावना का विकास करना

**सीखने के प्रतिफल** :

- **विभिन्न उद्देश्यों के लिए लिखते हुए अपने लेखन में विराम चिन्ह जैसे। अल्पविराम, प्रश्नवाचक चिन्ह, उद्धरण चिन्ह का सचेत इस्तेमाल करते हैं**

**प्रश्न 1. देश के प्रधानमंत्री , श्री नरेंद्र मोदी गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश को बधाई दी। उपरोक्त वाक्य मे कौन से विराम चिन्ह का प्रयोग हुआ है?**

(क) पूर्ण विराम

(ख) अल्पविराम

(ग) क व ख दोनों का

(घ) उद्धरण चिन्ह का

**प्रश्न 2. 'कबीर वाणी के डिक्टेटर थे' इस वाक्य में किस विराम चिन्ह का प्रयोग हुआ है?**

(क) पूर्ण विराम

(ख) अल्पविराम

(ग) क व ख दोनों का

(घ) उद्धरण चिन्ह का

**प्रश्न 3. 'तुम कब आओगे' इस वाक्य में कौन से उचित विराम का प्रयोग करना चाहिए?**

(क) पूर्ण विराम

(ख) अल्पविराम

(ग) क व ख दोनों का

(घ) प्रश्नवाचक चिन्ह

उत्तर-तालिका = 1 (ग), 2 (घ) , 3 (घ),

## पाठ- 14

## बाघ आया उस रात

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- विद्यार्थियों को पशुओं के जीवन के आनंद के बारे में बताना
- कविता के माध्यम से बच्चों को पशुओं के पारिवारिक जीवन के आनंद से परिचित कराना
- विद्यार्थियों को पक्षियों की कहानी से अवगत कराना
- पाठ सुनने के बाद विद्यार्थी पाठ से संबंधित पांच प्रश्नों के मौखिक उत्तर 5-6 वाक्यों जो लगभग 35 से 40 शब्दों के हो देने में समर्थ होंगे
- शिक्षक द्वारा सुनाई गई कविता को ध्यान पूर्वक सुनकर उसके भाव को समझेंगे
- कविता विस्तार में सहायक स्मार्ट बोर्ड एवं दृश्य श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना एवं श्रवण कौशल का विकास करना
- पाठ वाचन के माध्यम से पूर्व पठित अंश से विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा
- जंगल के विभिन्न जानवरों की कक्षा में चर्चा- की जाएगी बच्चे अपने मनपसंद जानवर के विषय में कुछ पंक्तियां कक्षा में सुनाएंगे
- विद्यार्थियों को पक्षियों द्वारा सभी मित्रों के आनंद के बारे में जानकारी देना
- कविता का भाव समझ कर उसका पूरे सुर लय ताल के साथ पठन करना
- पाठ के अंत में विद्यार्थी शुद्ध उच्चारण करते हुए पाठ में आए कम से कम पांच वाक्य 25 से 30 शब्दों वाले धाराप्रवाह पढ़ने में सक्षम होंगे
- कविता के माध्यम से पशुओं का घर में आने के कारण पर अनुच्छेद लिखें
- छात्र 5 प्रश्नों का उत्तर 20 से 25 अपने शब्दों में जिसमें चार पांच जटिल शब्द भी होंगे लिख पाएंगे
- 8 से 10 नवीन शब्दों के अर्थ उनके वाक्य प्रयोग करने में सक्षम होंगे
- जैसे झरने भागिन , कॉलेज , पहरा , आगाह, आदि
- निम्न के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का मूल्यांकन करना
- चर्चा- - पशु पक्षियों के जीवन पर लघु प्रश्न निर्माण के माध्यम से प्रश्नोत्तरी कठिन शब्दों के श्रुतलेख द्वारा
- कविता के माध्यम से खतरों से सदैव सतर्क रहने एवं दूसरों को सतर्क करने के नैतिक मूल्य का विकास करना

**सीखने के प्रतिफल**

**पाठ्यपुस्तक और संदर्भ के अनुसार इनमें इतर सामग्री में आए संवेदनशील बिन्दुओं पर लिखित ब्रेल लिपि अभिव्यक्ति करते हैं**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर , नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

दूरदर्शन पर समाचार आ रहे थे। एक बाघ ने गाँव में घुसकर दो लोगों को मार डाला। मनु बोल उठा, "पापा ये टाइगर इंसानों पर ही हमला क्यों करता है? बेटा, "जब उसे हमसे नुकसान पहुँचने का डर हो।" पापा ने कहा। पर देखो न, ये गाँव में खुद घुसा है पापा।" हाँ, पर वह गाँव में नहीं घुसा बल्कि हम ही लोगों ने जंगल काटकर उनके इलाकों को छोटा कर दिया है। हम ही उनके घरों तक घुस गए हैं तभी तो वह हमसे गुस्सा है। "पापा ने समझाते हुए कहा। ओह! यह बात है, मनु की आँखें चमक उठीं। तभी पास का बाग कटते ही सारे बंदर हमारे स्कूल की छतों पर रहने आ गए।" है न पापा।" हाँ, बेटा उनके घर उजाड़ेंगे तो वे कहाँ जाएँगे?

**प्रश्न 1. बाघ इंसानों पर हमला क्यों करता है?**

(क) क्योंकि हम उनके पास जंगल में जाते हैं ।

(ख) उसे हमसे नुकसान पहुँचने का डर है ।

(ग) जंगल के सभी प्राणी मर चुके हैं ।

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**प्रश्न 2. हमने जंगल काटकर उनके .................... को छोटा कर दिया है।**

(क) इलाकों

(ख) वृक्षों

(ग) भोजन

(घ) बाग

**प्रश्न 3. हमें ............. नहीं काटने चाहिए।**

(क) जंगल

(ख) पेड़

(ग) क व ख दोनों

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

| उत्तर-तालिका = 1 (ख), 2 (ख) , 3 (ग), |
|---|

## पाठ- 15

## बिशन की दिलेरी

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- शिक्षक द्वारा पढ़ाए गए पाठ को ध्यान पूर्वक सुनकर उसके भाव समझना एवं ग्रहण करना
- कहानी विस्तार में सहायक स्मार्ट बोर्ड दृश्य श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना तथा श्रवण कौशल का विकास करना
- पाठ के माध्यम से विद्यार्थियों को पूर्व पठित अंश से जोड़ा जाएगा
- विद्यार्थी कक्षा में स्वयं की साहसिक घटना का वर्णन करेंगे
- विद्यार्थियों को बेबस पक्षियों के प्रति प्रेम की कहानियों के बारे में जानकारी देना
- विद्यार्थी पाठ का शुद्ध उच्चारण करते हुए पठन कार्य करेंगे
- पाठ के अंत में विद्यार्थी शुद्ध उच्चारण करते हुए पाठ में आए कम से कम पांच वाक्य 25 से 30 शब्दों वाले धाराप्रवाह पढ़ने में सक्षम होंगे
- जैसे कीटनाशक छिड़काव सीडीनुमा, सुनहरे, छलांग , रौबदार आदि
- कहानी के माध्यम से पक्षियों के विषय में लिखवा कर उनका लेखन कौशल बढ़ाना
- छात्र 5 प्रश्नों का उत्तर 20 से 25 अपने शब्दों में जिसमें चार पांच जटिल शब्द भी होंगे लिख पाएंगे
- 8 से 10 नवीन शब्दों के अर्थ उनके वाक्य प्रयोग करने में सक्षम होंगे जैसे कीटनाशक ,छिड़काव सीडीनुमा ,सुनहरे, छलांग,रौबदार आदि
- निम्न के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का मूल्यांकन करना
- चर्चा- पशु पक्षियों से प्रेम और दया लघु प्रश्न निर्माण के माध्यम से प्रश्नोत्तरी कठिन शब्दों के श्रुतलेख द्वारा जानवरों के प्रति प्रेम एवं सहानुभूति की भावना एवं इस मूल्य का विकास करना
- स्वयं के आनंद के लिए दूसरों को कष्ट ना देने की भावना को विकसित करना

| **सीखने के प्रतिफल:** |
|---|
| • भाषा की बारीकियों पर ध्यान देते हुए अपनी भाषा गढ़ते और उसका इस्तेमाल करते हैं। अपरिचित शब्दों के अर्थ शब्द -कोश से खोजते हैं |

**प्रश्न 1 निम्न तालिका के शब्दों को बोलकर देखो। ये मिलती-जुलती आवाज़ वाले शब्द हैं। ज़रा से अंतर से भी शब्द का अर्थ बदल जाता है।**

**नीचे दी गई तालिका को सुमेलित कीजिए । सही विकल्प चुनिए ।**

| शब्द | वाक्य |
|---|---|
| 1. झूठा | (क) सुनार ने हार गढ़ा। |
| 2. जूठा | (ख) राज़- घर के राज़ कहीं नहीं बताने चाहिए। |
| 3. घड़ा | (ग ) कुम्हार घड़ा बनाता है। |
| 4. गढ़ा | (घ) हमे झूठ नहीं बोलना चाहिए । |
| 5. राज | (ड़)भोजन को कभी भी जूठा नहीं छोड़ना चाहिए । |
| 6. राज़ | (च )भारत में अग्रेज़ों का राज रहा है। |
| 7. सज़ा | (छ )दीपावली में सारा शहर सजा होता है। |
| 8. सजा | (ज) चोरी करने पर सज़ा हो जाती है। |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | 1.(क) | 2. (ख) | 3. (ग) | 4. (घ) | 5. (ड़) | 6. (च) | 7. (ज) | 8. (छ) |
| (ख) | 1.(घ) | 2. (ड़) | 3. (ग) | 4. (क) | 5. (च) | 6. (ख) | 7. (ज) | 8. (छ) |
| (ग) | 1.(ग) | 2. (घ) | 3. (क) | 4. (ख) | 5. (ड़) | 6. (च) | 7. (ज) | 8. (छ) |
| (घ) | 1.(घ) | 2. (क) | 3. (ग) | 4. (ख) | 5. (ड़) | 6. (च) | 7. (छ) | 8. (ज) |

**प्रश्न 2 . वर्णमाला के हिसाब से क्रम में लगाओ। सही विकल्प चुनिए ।**

1. (क) आना, 2. (ख) घिरना, 3 .(ग) छाना, 4 .(घ) लाना , 5. (ड़) पड़ना, 6. (च ) खोलना, 7.(छ ) लड़ना, 8.(ज) बढ़ना

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | 1. (क) | 2. (च) | 3. (ख) | 4. (ग) | 5.(ड़)) | 6. (ज) | 7. (छ) | 8. (घ) |
| (ख) | 1. (घ) | 2 (ड़) | 3. (ग) | 4. (क) | 5. (च) | 6. (ख) | 7. (ज) | 8. (छ) |
| (ग) | 1. (ग) | 2. (घ) | 3. (क) | 4. (ख) | 5. (ड़) | 6. (च) | 7. (ज) | 8. (छ) |
| (घ) | 1. (घ) | 2. (क) | 3. (ग) | 4. (ख) | 5. (ड़) | 6. (च) | 7. (छ) | 8. (ज) |

**प्रश्न 3 . वाक्य का सही क्रम छाँटो ?**

(क) एक आयु के बच्चे बैठते हैं एक साथ

(ख) एक आयु के बच्चे एक साथ बैठते हैं

(ग) एक साथ बैठते हैं एक आयु के बच्चे

(घ) एक साथ बैठते हैं बच्चे एक आयु के

**प्रश्न 4. वाक्य मे शब्दों के सही क्रम छाँटो ?**

(क) मेरे पास कपड़े सुंदर हैं

(ख) मेरे पास हैं सुंदर कपड़े

(ग) मेरे पास सुंदर कपड़े हैं

(घ) सुंदर कपड़े हैं मेरे पास

उत्तर-तालिका = 1 (ख), 2 (क), 3 (ख), 4 (ग),

## पाठ- 16

## पानी रे पानी

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- विद्यार्थियों को नदियों के सफर के बारे में बताना ।
- लेख के माध्यम से पानी के संकट से परिचित कराना ।
- विद्यार्थियों को पानी की फिजूलखर्ची से अवगत कराना ।
- पाठ सुनने के बाद विद्यार्थी पाठ से संबंधित पांच प्रश्नों के मौखिक उत्तर 5-6 वाक्य जो लगभग 35 से 40 शब्दों के हो देने में सक्षम होंगे ।
- शिक्षक द्वारा पढ़ाई गए पाठ को ध्यान पूर्वक सुनकर एवं कक्षा में की गई चर्चा- को समझकर भाव ग्रहण करना।
- लेख विस्तार में सहायक स्मार्ट बोर्ड दृश्य श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना एवं श्रवण कौशल का विकास करना ।
- पाठ के पूर्व पठित अनुमान से विद्यार्थियों को पाठ से जोड़ा जाएगा ।
- पानी की आवश्यकता पर कक्षा में विद्यार्थियों के साथ चर्चा- की जाएगी एवं विद्यार्थी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।
- विद्यार्थियों को बाढ़ और सूखे के बारे में जानकारी देते हुए पाठ का पठन कार्य कक्षा में करवाया जाएगा ।
- पाठ के अंत में विद्यार्थी शुद्ध उच्चारण करते हुए पाठ में आए कम से कम पांच वाक्य 25 से 30 शब्दों वाले धाराप्रवाह पढ़ने में सक्षम होंगे ।
- लेख के माध्यम से पानी को बचाने के विषय में लिखवा कर उनका लेखन कौशल बढ़ाना ।
- छात्र 5 प्रश्नों का उत्तर 20 से 25 अपने शब्दों में जिसमें चार पांच जटिल शब्द भी होंगे लिख पाएंगे ।
- 8 से 10 नवीन शब्दों के अर्थ उनके वाक्य प्रयोग करने में सक्षम होंगे
- जैसे भूगोल ,जल चक्र ,चक्र, भूजल, खजाने, स्टेडियम ,कारखाने ,भंडार, जलस्रोत आदि।
- निम्न के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का मूल्यांकन करना :
- चर्चा-- पानी के संचय के साधनों पर
- लघु प्रश्न निर्माण के माध्यम से
- प्रश्नोत्तरी
- कठिन शब्दों के श्रुतलेख द्वारा

- जल संरक्षण के प्रति सजगता एवं जल के फिजूलखर्ची को रोकने के भाव को विकसित करना

**सीखने के प्रतिफल**

**अपनी कल्पना से कहानी, कविता, पत्र आदि लिखते हैं कविता कहानी को आगे बढ़ते हुए लिखते हैं।**

**नोट : निम्नलिखित लेख को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

पृथ्वी पर मंडराते पेयजल संकट से आसानी से बचने के लिए जरूरी है जल संरक्षण इसके लिए कुछ बातों को ध्यान में रखना होगा। सुबह मग में पानी लेकर आधा लीटर पानी से मंजन किया जा सकता है। वहीं नल खुला रखकर मंजन करने पर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 10 लीटर पानी व्यर्थ बह जाता है।अगर बाल्टी में पानी लेकर मग से नहाया जाये तो 20 से 30 लीटर पानी से आराम से नहाया जा सकता है। लेकिन फव्वारें, नल चालू करके या टब में नहाने पर 50 से 100 लीटर पानी चाहिए। इस तरह एक व्यक्ति प्रतिदिन 30 से 70 लीटर पानी बचा सकता है।मग में पानी लेकर दाढ़ी बनाने पर मात्र दो लीटर पानी ही खर्च होगा, जबकि नल खुला रखकर एक बार दाढ़ी बनाने पर 10 लीटर पानी खर्च हो जाता है हम थोड़ी सी सावधानी से विभिन्न त्यौहारों या उत्सवों पर पानी की खपत को कम कर सकते हैं। उदयपुर में शहरवासयों ने पिछली होली को सूखी होली या जिसे 'तिलक होली' भी कहते हैं, के रूप में मना कर 50 लाख लीटर पानी बचाया। तिलक होली में पक्के रंगाो का प्रयोग नहीं किया जाता है, केवल सूखे रंगों से तिलक लगाया जाता है। शहर में प्रतिवर्ष होली पर 50 लाख लीटर पानी की अतिरिक्त आपूर्ति करनी पड़ती है, जो इस साल नहीं करनी पड़ी। साथ ही रंगों पर होने वाला खर्च भी बच जाता है। उदयपुर में तिलक होली खेलने से 70 हजार रुपये के रंग कम बिके। अतः पूरे देश में तिलक होली का प्रचार-प्रसार करके एक ही दिन में अरबों लीटर पानी को बचाया जा सकता है।

**प्रश्न 1. पानी के उपभोग के लिए हम मग का प्रयोग कब -कब कर सकते हैं ?**

(क) नहाते समय

(ख) मंजन करते समय

(ग) दाढ़ी बनाते समय

(घ) उपरोक्त सभी सही है

**प्रश्न 2. उपरोक्त गद्यांश को पढ़ कर नीचे दी गई तालिका को सुमेलित कीजिए ।**

| पानी के प्रयोग के तरीके | पानी का बाचव (लीटर मे ) |
|---|---|
| 1. तिलक होली खेलने से | क 8 लीटर पानी |
| 2. मग में पानी लेकर मंजन करने से | ख 30 से 70 लीटर |
| 3. मग में पानी लेकर दाढ़ी करने से | ग 50 लाख लीटर पानी |
| 4. नहाते समय मग ,बाल्टी का प्रयोग से | घ 9.5 लीटर |
| 5. तिलक होली का प्रचार-प्रसार से | ड़ अरबों लीटर पानी को |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | 1. (क) | 2. (ख) | 3. (ग) | 4. (घ) | 5. (ड़) |
| (ख) | 1. (ख) | 2. (क) | 3. (घ) | 4. (ग) | 5. (ड़) |
| (ग) | 1. (ग) | 2. (घ) | 3. (क) | 4. (ख) | 5. (ड़) |
| (घ) | 1. (घ) | 2. (क) | 3. (ग) | 4. (ख) | 5. (ड़) |




**प्रश्न 3. उपरोक्त चित्र को देखकर बताएं की चित्र क्या दर्शाता है ?**

(क) चित्र में दर्शाया गया है की भारत में पानी दक्षिण से आता है।

(ख) चित्र में दर्शाया गया है की भारत में पानी का दक्षिण दिशा मे ही बचा है ।

(ग) चित्र में दर्शाया गया है की भारत में पानी का संकट पैदा हो गया है ।

(घ) भारत में पीने योग्य पानी का संकट पैदा हो गया है ।

| |
|---|
| उत्तर-तालिका = 1 (घ), 2 (ग), 3 (घ) |

## पाठ- 17

## छोटी सी हमारी नदी( कविता)

**शिक्षण के लक्ष्य**

- विद्यार्थियों को ऋतु के अनुसार नदियों के स्वरूप के बारे में बताना
- कविता के माध्यम से नदियों के टेढ़े मेढ़े जीवन से परिचित कराना
- विद्यार्थियों को पानी में रहने वाले जंतुओं से अवगत कराना
- पाठ सुनने के बाद विद्यार्थी पाठ से संबंधित पांच प्रश्नों के मुखी उत्तर 56 वाक्य जो लगभग 35 से 40 शब्दों के हो देने में समर्थ होंगे
- शिक्षक द्वारा पढ़ाई गई कविता को ध्यान पूर्वक सुनकर उसके भागों को समझना
- कविता विस्तार में सहायक स्मार्ट बोर्ड दृश्य श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना एवं वाणी कौशल का विकास करना
- जैसे- पीपीटी ऑडियो वीडियो आदि
- पाठ के पूर्व पठित हनुमान से विद्यार्थियों को पाठ से जोड़ा जाएगा
- हमारे देश में बहने वाली विभिन्न नदियों के विषय में चर्चा- करना
- विद्यार्थियों को पाठ और सूखे के बारे में जानकारी देते हुए एवं पूरे सूर्य एवं ताल के साथ कविता का पठन करवाया जाएगा
- पाठ के अंत में विद्यार्थी शुद्ध उच्चारण करते हुए पाठ में आए कम से कम पांच वाक्य 25 से 30 शब्दों वाले धाराप्रवाह पढ़ने में सक्षम होंगे
- कविता के माध्यम से पानी को बचाने के उपाय लिखें।
- छात्र 5 प्रश्नों का उत्तर 20 से 25 अपने शब्दों में जिसमें चार पांच जटिल शब्द भी होंगे लिख पाएंगे
- 8 से 10 नवीन शब्दों के अर्थ उनके वाक्य प्रयोग करने में सक्षम होंगे
- जैसे -बालू, डंगर , सघन, आषाढ़ आदि।
- कविता में प्रयुक्त पुनरुक्त शब्द पर्यायवाची शब्द योजक शब्द व नुक्ता शब्द खोज कर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे जिससे छात्रों के शब्दकोश में विकास होगा ।
- निम्न के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का मूल्यांकन करना ।
- चर्चा- -अन्य कविताओं पर लघु प्रश्न निर्माण के माध्यम से
- प्रश्नोत्तरी
- कठिन शब्दों के श्रुतलेख के द्वारा
- देश की नदियों के घटते जल स्तर के कारणों को समझते हुए उसे बचाने में अपना योगदान देने की भावना का विकास करना एवं नैतिक मूल्य को विकसित करना

• जल की फिजूलखर्ची ना करने की सोच विकसित करना

**सीखने के प्रतिफल:**

**भाषा की बारीकियों पर ध्यान देते हुए अपनी भाषा गढ़ते और उसे अपने लेखन में शामिल करते हैं**

**नोट : निम्नलिखित लेख को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

पृथ्वी पर उपस्थित कुल जल का मात्र 01 प्रतिशत ही उपयोगी है। इस एक फीसदी जल पर दुनिया की 06 अरब आबादी समेत सारे सजीव और वनस्पतियां निर्भर हैं। इस मीठे जल से सिंचाई, कृषि कार्य तथा तमाम उद्योग संचालित होते हैं। जल जीवन के लिये अमृत है एवं प्रकृति के अस्तित्व की अनिवार्य शर्त है। इसका दुरुपयोग इसे दुर्लभ बना रहा है। आज भारत सहित दुनिया के अनेक देश जल संकट का सामना कर रहे हैं। सतही और भूजल दोनों की उपलब्धता एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में भिन्न होती है। जल संसाधनों की उपलब्धता संबंधी सीमाओं और जल की बढ़ती माँग को देखते हुए, जल संसाधनों के संधारणीय प्रबंधन का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है। नीति आयोग ने जल संसाधनों के कुशल प्रबंधन में प्रदर्शन का आकलन और सुधार करने के लिए एक उपयोगी साधन के रूप में समग्र जल प्रबंधन सूचकांक तैयार किया है। जल की उपलब्धता सूचकांक के अनुसार घरेलू खपत, कृषिगत उद्योगों, ऊर्जा उत्पादन तथा अनुकूल पर्यावरण के लिये मीठे जल की आवश्यकता प्रति व्यक्ति, लगभग 1700 घनमीटर आंकी गई है। जहाँ इतना जल उपलब्ध नहीं है वहाँ जलाभाव की स्थिति मानी जाती है तथा जल उपलब्धता मात्र 500 घन मीटर प्रतिवर्ष प्रति व्यक्ति रह जाए तो घोर जलाभाव की स्थिति मानी जाती है।दुर्भाग्यवश आज देश के अनेक हिस्सों में ऐसी स्थिति निर्मित हो चुकी है। अन्तरराष्ट्रीय जल प्रबंधन संस्थान बैंकॉक की रिपोर्ट के अनुसार देश के अनेक हिस्से वर्ष 2025 तक जलाभाव की गिरफ्त में होंगे। यह जलाभाव देश में खाद्यान्न संकट पैदा करेगा, उद्योगों को खत्म कर देगा, पलायन, बेरोजगारी और आपसी संघर्ष को बढ़ाएगा जिससे देश की अर्थव्यवस्था टूट सकती है। भारत वर्ष में विश्व के कुल मीठे जल की मात्रा का 2.5 प्रतिशत जल मौजूद है। जिसका 89 प्रतिशत हिस्सा कृषि क्षेत्र में उपयोग किया जाता है। चूँकि देश तेजी से जलाभाव की ओर बढ़ रहा है, अतः इसे सहेजना हमारी जिंदगी के अनिवार्य कार्यों में से एक होना चाहिए। कुशल प्रबंधन के जरिए जल को सहेजा और बचाया जा सकता है। वर्तमान समय की आवश्यकता है, जल संरक्षण और प्रबंधन।

**प्रश्न 1. प्रकृति के अस्तित्व की अनिवार्य शर्त क्या है?**

(क) वनस्पतियां

(ख) पानी

(ग) जीव -जंतु

(घ) अमृत

**प्रश्न 2. जल की उपलब्धता का सूचकांक किसने बनाया है ?**

(क) भारत सरकार ने

(ख) नीति आयोग ने

(ग) राज्य सरकार ने

(घ) जल प्रबंधन कमेटी ने

**प्रश्न 3. जल उपलब्धता मात्र 500 घन मीटर प्रतिवर्ष प्रति व्यक्ति रह जाए तो ................ की स्थिति मानी जाती है।**

(क) जल की अधिकता

(ख) जल की पर्याप्त उपलब्धता

(ग) घोर जलाभाव

(घ) जलाभाव

उत्तर-तालिका = 1 (ख), 2 (ख) , 3 (ग),

## पाठ- 18

## चुनौती हिमालय की( यात्रा वर्णन)

**शिक्षण के लक्ष्य:**

- विद्यार्थियों को पर्वतारोहण में आने वाली कठिनाइयों के बारे में बताना
- लेख के माध्यम से पर्वतों के आकार के बारे में परिचित कराना विद्यार्थियों को हिमालय पर्वत की कहानी से अवगत कराना
- पाठ सुनने के बाद विद्यार्थी पाठ से संबंधित पांच प्रश्नों के मौखिक उत्तर 5-6 वाक्य जो लगभग 35 से 40 शब्दों के हो देने में समर्थ होंगे
- शिक्षक द्वारा पढ़ाए गए पाठ को ध्यान पूर्वक सुनकर समझकर भाव को ग्रहण करना
- लेख विस्तार में सहायक स्मार्ट बोर्ड एवं दृश्य श्रव्य सामग्री के माध्यम से रोचकता बनाए रखना जैसे पीपीटी ऑडियो वीडियो वाली
- पाठ के पूर्व अपठित अनुमान से विद्यार्थियों को पाठ से जोड़ा जाएगा
- विद्यार्थी शिक्षा में हिमालय से संबंधित विभिन्न बातों की चर्चा- करें जैसे हिमालय से प्राप्त होने वाली औषधियों  हिमालय से बहने वाली नदियों
- विद्यार्थियों को सभी पर्वतों के बारे में जानकारी देना
- विद्यार्थियों को सभी पर्वतों के बारे में जानकारी देना
- पाठ के भाव को समझते हुए एवं शब्दों के शुद्ध उच्चारण करते हुए विराम चिन्हों का उचित प्रयोग करते हुए विद्यार्थी पठन कार्य करेंगे एवं पठन कौशल विकसित करेंगे
- पाठ के अंत में विद्यार्थी शुद्ध उच्चारण करते हुए पाठ में आए कम से कम पांच वाक्य 25 से 30 शब्दों वाले धाराप्रवाह पढ़ने में सक्षम होंगे
- पर्वतारोहण में किन-किन वस्तुओं की जरूरत पड़ती है उसे लिखेंगे जिससे छात्रों के लेखन कौशल का विकास होगा
- छात्र 5 प्रश्नों का उत्तर 20 से 25 अपने शब्दों में जिसमें चार पांच जटिल शब्द भी होंगे लिख पाएंगे
- 8 से 10 नवीन शब्दों के अर्थ उनके वाक्य प्रयोग करने में सक्षम होंगे तथा पाठ में प्रयुक्त पुनरुक्त शब्द पर्यायवाची शब्द योजक शब्द व नुक्ता शब्द खोज कर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे जिससे छात्रों के शब्दकोश में विकास होगा
- उन के माध्यम से छात्रों के ज्ञान का मूल्यांकन करना

- चर्चा-- हिमालय पर लघु प्रश्न निर्माण के माध्यम से
- प्रश्नोत्तरी
- कठिन शब्दों के श्रुतलेख के द्वारा
- पाठ के माध्यम से विद्यार्थी मार्ग में आने वाली किसी भी घटना का डटकर सामना करने की हिम्मत ना हारने की भावना एवं नैतिक मूल्य का विकास करना

**सीखने के प्रतिफल:**

**विभिन्न उद्देश्यों के लिए लिखते हुए अपने लेखन में विराम चिन्ह, जैसे- पूर्ण विराम , अल्पविराम, प्रश्नवाचक चिन्ह, उद्धरण चिन्ह का सचेत इस्तेमाल करते हैं ।**

**प्रश्न 1. किस वाक्य में विराम-चिह्नों का सही प्रयोग हुआ है?**

(क) राम, मोहन, घर, पर्वत; संज्ञाएँ। यह, वह, तुम, मैं; सर्वनाम। लिखना, गाना, दौड़ना; क्रियाएँ।

(ख) राम, मोहन, घर, पर्वत संज्ञाएँ; यह, वह, तुम, मैं सर्वनाम; लिखना, गाना, दौड़ना क्रियाएँ

(ग) राम-मोहन, घर-पर्वत संज्ञाएँ! यह-वह-तुम-मैं सर्वनाम! लिखना-गानदौड़ना संज्ञाएँ।

(घ) राम मोहन घर पर्वत संज्ञाएँ। यह वह तुम मैं सर्वनाम। लिखना, गाना, दौड़ना क्रियाएँ।

**प्रश्न 2. जहाँ पूर्ण विराम की अपेक्षा कम रुकना अपेक्षित हो, वहाँ ....... चिह्न का प्रयोग किया जाता है।**

(क) अर्द्ध विराम

(ख) अल्प विराम

(ग) संक्षेप चिह्न

(घ) कोष्ठक



**प्रश्न 3 .उपरोक्त तस्वीर को ध्यान से देख कर बतायें  की आपको तस्वीर मे क्या - क्या दिखाई दे रहा है ?**

(क) एक व्यक्ति

(ख) एक व्यक्ति, रस्सी,बेल्ट, हलमेट पहने हुए

(ग) एक व्यक्ति, रस्सी,बेल्ट, हलमेट, दस्ताने, एनेक पहने हुए

(घ) एक पर्वतारोही, रस्सी, बेल्ट, टोपी, दस्ताने, एनेक व बस्ता उठाए हुए ।

**उत्तर-तालिका = 1 (क), 2 (ख) , 3 (घ)**

## Contributor

- **Dr. Sushma Rani (ARP, Hindi)**

  **Education Department**

  **UT Chandigarh**

## Reviewer

- **Ms. Poonam Katoch (PGT)**

  **SCERT UT Chandigarh**

## Co-ordinator

- **Dr. Deepika Gupta**

  **Assistant Professor**

  **SCERT UT Chandigarh**

***"Live as if you were to die tomorrow. Learn as if you were to live forever"***

*- Mahatma Gandhi*

**2021**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
SECTOR-32 UT CHANDIGARH